हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

## शहर में आज

- संयुक्त आयुक्त का वार्डों में दौरा सुबह 10 बजे
- जन सेवा संस्थान में आंखों का कैंप सुबह 10 बजे
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- बिजली निगम के कर्मियों का दो घंटे के लिए प्रदर्शन
- बिजली कटः सुबह 8 से 11 बजे तक, मॉडल टाउन, सुभाष नगर, गांधी नगर, वीसी ऑफिस, सीआर रोड, दिल्ली रोड, ओपीएच फीडर बंद रहेंगे।

### गोहाना के नटवरलाल का रोहतक में बड़ा खेला

# सेवानिवृत्त लेक्चरर को बुआ बनाकर ठगे 14 लाख

**दो महिलाओं से 30 लाख का फ्रॉड प्रशासन के चक्कर काट रही पीड़ित**

- *युवक खुद को भतीजा बताकर बुजुर्ग महिला स्वर्ण के करीब आया और उनका भरोसा जीतने लगा*
- *युवक ने महिला को रोहतक शिफ्ट कराया, सेक्टर-1 में कमरा दिलवाया और हर कदम पर उनके साथ रहा*
- *आरोपी ने महिला और मकान मालिक से लाखों रुपये ऐंठ लिए, चेक बाउंस होने पर सच्चाई सामने आई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-1 में रहने वाली 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ हुई ठगी की यह कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। गोहाना का एक शातिर नटवरलाल पहले भतीजा बनकर महिला के करीब आया, फिर भरोसे की डोर ऐसी बुनी कि देखते ही देखते लाखों रुपये हड़प लिए। हैरानी की बात यह है कि शिकायतों के बावजूद अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़िता महिला स्वर्ण जो कि एक रिटायर्ड लेक्चरर हैं, मूल रूप से पानीपत की रहने वाली हैं और पशु प्रेम के लिए इलाके में जानी जाती हैं। वह अक्सर सड़कों पर घूमने वाले कुत्तों की सेवा करती थीं। इसी सेवा के दौरान उनकी मुलाकात गोहाना निवासी एक युवक से हुई, जिसने खुद को बेहद विनम्र और मददगार दिखाते हुए धीरे-धीरे उनका विश्वास जीत लिया।



लोन पर निकलवाई गाड़ी एवं दिया गया चेक

### नाम का खेल और रिश्ते की शुरुआत

कहानी की शुरुआत एक बेहद दिलचस्प मोड़ से होती है। एक दिन जब स्वर्ण के फोन पर कॉल आया, तो युवक ने अचानक कहा कि फोन पर जो नाम दिख रहा है, उसका नाम भी वही है। स्वर्ण ने बताया कि यह उनके भतीजे का नाम है। इस पर युवक ने तुरंत जवाब दिया अगर वो आपका भतीजा है, तो मैं भी आपका भतीजा हुआ।

### यहीं से शुरू हुआ भरोसे का खेल

धीरे-धीरे युवक ने महिला के साथ समय बिताना शुरू किया, उनकी मदद करने लगा और खुद को परिवार जैसा दिखाने लगा। उसने स्वर्ण को यह भरोसा दिला दिया कि वह उनका ख्याल रखने वाला अपना ही है।

### रोहतक में बसाया, फिर बुना जाल

युवक ने महिला को पानीपत से रोहतक शिफ्ट होने की सलाह दी और खुद ही सेक्टर-1 में उनके लिए किराये पर कमरा दिलवा दिया। इस दौरान वह हर कदम पर उनके साथ रहा, जिससे महिला का विश्वास और मजबूत होता गया।

### लोन पर महिला के नाम पर गाड़ी निकलवाई

आरोपी नटवरलाल ने महिला के दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए 24 फरवरी 2025 को उनके नाम पर एक गाड़ी लोन पर निकलवा ली। महिला को इस पूरे लेन-देन की पूरी जानकारी तक नहीं थी। जब तक उन्हें सच्चाई का पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### ठगी के बाद 16 लाख का नया झांसा

आरोपी यहीं नहीं रुका। उसने अलग-अलग बहानों से महिला से करीब 14 लाख रुपये ऐंठ लिए। कभी बीमारी का बहाना, तो कभी बिजनेस में घाटे की कहानी-हर बार नया बहाना और नया विश्वास। इसके बाद आरोपी ने मकान मालिक को भी अपने जाल में फंसा लिया। उसने अपने बेटे की फीस जमा कराने का हवाला देकर दो दिन के लिए 16 लाख रुपये उधार ले लिए। बदले में उसने दो चेक दिए, प्रत्येक 6-6 लाख रुपये के। लेकिन जब मकान मालिक ने चेक बैंक में लगाए, तो वे बाउंस हो गए। तब जाकर पूरे मामले की सच्चाई सामने आई।

### शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं

पीड़िता ने इस मामले की शिकायत संबंधित थाने में दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्होंने एसपी, डीसी, आईजी और यहां तक कि सीएम विंडो तक गुहार लगाई। बावजूद इसके अब तक आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पीड़िता न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। बुजुर्ग महिला का कहना है कि उन्होंने अपनी जिंदगी की पूरी जमा पूंजी खो दी है। अब ना उनके पास पैसे बचे हैं और ना ही मानसिक सुकून। वह लगातार अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं, लेकिन हर जगह सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

### विश्वास का फायदा उठाने का नया तरीका

यह मामला सिर्फ एक ठगी का नहीं, बल्कि भरोसे के साथ हुए धोखे का भी है। आरोपी ने पहले रिश्ते का सहारा लिया, फिर भावनाओं से खेला और अंत में आर्थिक रूप से पूरी तरह तोड़ दिया। इस तरह के मामलों में ठग पहले पीड़ित के करीब आते हैं, उनका विश्वास जीतते हैं और फिर धीरे-धीरे उन्हें आर्थिक जाल में फंसा लेते हैं। महिला का कहना है कि जिंदगी की पूरी जमा पूंजी खो दी है।

### लोगों और खिलाड़ियों ने की बहाल करने की मांग

# दुनिया को मिनाक्षी जैसी नंबर वन बॉक्सर देने वाली रुड़की की बॉक्सिंग नर्सरी छीनी

- खेल प्रेमियों, स्थानीय निवासियों और खिलाड़ियों में भारी नाराजगी
- नर्सरी ने अब तक 15 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए
- ग्रासरूट लेवल पर खेलों का विकास कैसे होगा


एआई जेनरेटेड फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले का गांव रुड़की इन दिनों चर्चा और चिंता का विषय बना हुआ है। खेल विभाग द्वारा इस बार गांव के शहीद बैतून सिंह स्टेडियम को बॉक्सिंग की खेल नर्सरी के लिए चयनित नहीं किया गया, जिससे स्थानीय लोगों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। यह फैसला इसलिए भी हैरान करने वाला है क्योंकि पिछले वर्षों में यह गांव बॉक्सिंग की सफल नर्सरी के रूप में अपनी मजबूत पहचान बना चुका था और यहां से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आए थे। ग्रामीणों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल गिरेगा, बल्कि क्षेत्र में खेलों के विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लोगों ने प्रशासन से इस फैसले पर पुनर्विचार करने और गांव की खेल परंपरा को बनाए रखने की मांग की है।

### यह खिलाड़ियों के भविष्य से खिलवाड़

बॉक्सिंग कोच विजय हुड्डा ने खेल विभाग के इस फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि रुड़की की नर्सरी ने न केवल प्रदेश, बल्कि देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। कोच हुड्डा ने बताया कि वर्तमान में 48 किलोग्राम भार वर्ग में दुनिया की नंबर वन महिला बॉक्सर इसी रुड़की की खेल नर्सरी की उपज है। इस छोटे से गांव की नर्सरी ने अब तक 15 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए हैं, जो तिरंगे की शान बढ़ा चुके हैं। यहाँ से 50 से अधिक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया है। लगभग हर खिलाड़ी ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में कोई न कोई पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### आवंटित नहीं हुई

खेल नर्सरी की लिस्ट खेल विभाग की ओर से जारी किया जाता हैं। हमने जो खेल नर्सरी वैलिड करके भेजी थी वे भी खेल विभाग की ओर आवंटित नहीं की गई है। हमने लिस्ट बनाकर भेज दी थी। **-अनूप, जिला खेल अधिकारी, रोहतक**

### ये अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं खेल नर्सरी से

मीनाक्षी हुड्डा, ज्योति, शिक्षा नरवाल, भारती, मोनिका, संजीता, सिमरन, कुसुम और अपराजिता इन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम लहराया है।

### नर्सरी बंद से छिन जाएगी प्रतिभाओं की उड़ान

ग्रामीणों का कहना है कि नर्सरी आवंटित न होने से उन उभरते हुए मुक्केबाजों के सामने संकट खड़ा हो गया है, जो यहाँ अभ्यास करके देश के लिए मेडल जीतने का सपना देख रहे हैं। एक ऐसी जगह जिसने इतने शानदार नतीजे दिए हों, उसे खेल सुविधाओं से वंचित करना तर्कसंगत नहीं लगता। कोच ने कहा कि यह सिर्फ एक नर्सरी नहीं थी, बल्कि सैकड़ों बच्चों के सपनों का आधार थी। वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी देने वाली अकादमी को प्रोत्साहित करने के बजाय, उसे बंद करना खिलाड़ियों के मनोबल को गिराने जैसा है।

### प्रतिभाओं के लिए झटका

गांव रुड़की के निवासियों ने सरकार और खेल विभाग से मांग की है कि इस फैसले पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए। उनका कहना है कि यदि रुड़की जैसे गांव, जिसने खेल जगत को विश्व स्तर के सितारे दिए हैं, को नर्सरी नहीं मिलेगी, तो ग्रासरूट लेवल पर खेलों का विकास कैसे होगा। बॉक्सिंग की इस नर्सरी को न मिलना खेल प्रतिभाओं लिए बड़ा झटका है।

### पुराने बस स्टैंड पर दिनदहाड़े लूट से हड़कंप

# दुकान संचालक से मारपीट कर 1 लाख रुपये लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में अपराध की घटनाएं लगातार चिंता बढ़ा रही हैं। ताजा मामला शहर के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र से सामने आया है, जहां सुबह के समय दो युवकों ने एक दुकान में घुसकर दुकानदार से मारपीट की और करीब 1 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित आशीष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजाना की तरह अपनी दुकान पर मौजूद था। सुबह के समय दो युवक उसकी दुकान पर पहुंचे और पुराने लोहे का भाव पूछने लगे। शुरुआत में बातचीत सामान्य लगी, जिससे दुकानदार को किसी तरह का शक नहीं हुआ। इसी दौरान दोनों युवक अचानक आक्रामक हो गए। उन्होंने दुकानदार के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। इससे पहले कि आशीष कुमार कुछ समझ पाता, आरोपियों ने दुकान के गल्ले पर हाथ साफ कर दिया और उसमें रखे करीब 1 लाख रुपये निकाल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों युवक मौके से तेजी से फरार हो गए। पूरी घटना इतनी जल्दी हुई कि आसपास के लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## युवक पर चाकू से हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने देव कॉलोनी निवासी दीपक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पीड़ित दीपक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। दीपक का कुछ समय पहले दिल्ली बाईपास पर विशाल, भारत, सूरज और पुष्कर के साथ झगड़ा हुआ था, जिसका बाद में समझौता हो गया था। घटना 3 नवंबर 2025 की है, जब दीपक अपने दोस्त सन्नी के साथ स्वामी नित्यानंद स्कूल के पास मौजूद था। इसी दौरान पुष्कर, विशाल, सूरज और एक अन्य युवक बाइक पर वहां पहुंचे और दीपक के साथ मारपीट शुरू कर दी। जांच के दौरान मुख्य आरोपी विशाल पुत्र विजय, निवासी बिहार (हाल देव कॉलोनी, रोहतक) को गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जाट महासभा का प्लान तैयार, 19 को लगेगी मुहर

# समाज की जरूरतमंद बेटियों की पढ़ाई का खर्च उठाएगी महासभा

- छात्राओं का चयन पूरी पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाएगा
- नाम का अनुमोदन स्कूल के प्राचार्य या ग्राम पंचायत करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट महासभा रोहतक ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंद बेटियों की शिक्षा और लोगों की सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए महत्वपूर्ण पहल करने का निर्णय लिया है। महासभा अब बाहरवीं कक्षा तक पढ़ने वाली जरूरतमंद छात्राओं की फीस, स्कूल ड्रेस और किताबों का पूरा खर्च उठाएगी। इस प्रस्ताव को 19 अप्रैल को होने वाली जनरल बॉडी बैठक में औपचारिक स्वीकृति दी जाएगी। छात्राओं का चयन पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाएगा। 12 वीं कक्षा तक पढ़ने वाली बेटियों के नाम का अनुमोदन संबंधित स्कूल के प्राचार्य या ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा, जिसके बाद महासभा की कार्यकारिणी जांच करेगी। जांच में पात्र पाई गई छात्राओं को शिक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस पहल को समाज में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


**रोहतक।** हरिभूमि से बातचीत करते जाट महासभा के पदाधिकारी।

### जरूरतमंदों का बनेगी सहारा

शुक्रवार को जाट महासभा के प्रधान जयवीर दुल, सह सचिव डॉ. नरेंद्र गहलावत, कार्यकारिणी सदस्य सतवीर छिकारा और जयपाल ने संयुक्त रूप से कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करना सभा की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि महासभा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए सहारा बनने का माध्यम है। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जहां सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए महासभा ने जरूरतमंद बेटियों की शिक्षा का जिम्मा उठाने और आमजन को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल की है। उनका मानना है कि यदि समाज की बेटियां शिक्षित होंगी, तो परिवार और समाज दोनों सशक्त होंगे।

### कम कीमत पर मेडिकल टेस्ट

महासभा अपने भवन में एक आधुनिक पैथ लैब स्थापित करने जा रही है, जहां आम नागरिकों को बाजार दर से 25 से 30 प्रतिशत तक कम कीमत पर विभिन्न मेडिकल टेस्ट की सुविधा मिलेगी। यह कदम विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए राहतकारी साबित होगा। सभा के सामाजिक कार्यों में समाज के लोगों का भी सहयोग मिल रहा है। गुहणा (सोनीपत) के डॉ. नरेंद्र गहलावत और बोहर अठगामा के प्रधान अजयपाल नांदल ने सभा भवन में कमरा निर्माण के लिए 1.51-1.51 लाख रुपये दिए।

### कई काम कराए गत वर्ष

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान महासभा ने अपने संसाधनों से कई विकास कार्य भी करवाए हैं। इनमें आठ एसी, मैनेजर केबिन, सबमर्सिबल पंप, कैंटीन, आठ बाथरूम का नवीनीकरण, 150 बेडशीट, 70 डबल बेड कंबल और 10 शौचालयों में इंग्लिश सीट लगवाना शामिल है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े नए कार्यों को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। इन प्रस्तावों पर 19 अप्रैल की बैठक में चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

Crack NEET/JEE without extra coaching classes
VIDYA SHREE INTERNATIONAL SCHOOL
Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations

SCHOOL INTEGRATED PROGRAM
Aakash Coaching Within School Hours
Starting From April 09, 2026
LESS STRESS, BETTER RESULT
Aakash Faculty Inside School
No Evening Tuition Needed
School + Coaching Together
More Time For Self Study
NEET/JEE + Boards Integrated
Daily Doubt Sessions
Financial Benefit For Parents
Parent Counselling Session
On April 5, Sunday at 11:00 am
IN VIDYA SHREE INTERNATIONAL SCHOOL
LIMITED SEATS
TO REGISTER CALL - 8222970065

नमी बढ़ने से प्रभावित होगी गुणवत्ता, किसानों को सताने लगी आर्थिक नुकसान की चिंता

# बूंदाबांदी से मंडी में अफरा-तफरी प्रशासन का दावा, गेहूं पूरी तरह सुरक्षित

## आवक-उठान प्रभावित, शेड में रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




शुक्रवार देर शाम जिले में हुई हल्की बूंदाबांदी का असर रोहतक अनाज मंडी की गतिविधियों पर साफ तौर पर देखने को मिला। बारिश भले ही ज्यादा देर तक नहीं हुई, लेकिन नमी बढ़ने के कारण अब गेहूं की आवक और देरी से शुरू होगी। मंडी में फसल को सुरक्षित करने के लिए किसानों और आढ़तियों को तुरंत इंतजाम करने पड़े, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बूंदाबांदी शुरू होते ही किसान अपनी फसल को तिरपाल से ढकने और सुरक्षित स्थान पर ले जाने में जुट गए। कई जगहों पर पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण गेहूं के भीगने की आशंका बनी रही। नमी बढ़ने से दाने की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा भी मंडराने लगा, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाने की चिंता सताने लगी है।

■ फसलों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने में जुटे किसान

### मंडी में शेड पर्याप्त संख्या में खाली पड़े

मार्केट सचिव दीपक लोहचब के अनुसार मंडी में गेहूं पूरी तरह सुरक्षित है और कहीं भी भीगने की स्थिति नहीं बनी। उन्होंने बताया कि मंडी में शेड पर्याप्त संख्या में खाली पड़े हैं, जिनका उपयोग फसल को सुरक्षित रखने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए पहले ही आढ़तियों को निर्देश जारी कर दिए गए थे कि किसानों का गेहूं खुले में डलवाने की बजाय शेडों के नीचे ही रखवाया जाए। इससे बूंदाबांदी के बावजूद फसल को नुकसान नहीं हुआ। मंडी प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि इस समय गेहूं की आवक धीरे-धीरे बढ़ रही है, इसलिए व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखना प्राथमिकता है। किसानों को भी सलाह दी गई है कि वे मौसम को ध्यान में रखते हुए फसल को सुरक्षित तरीके से मंडी में लाएं और खुले में रखने से बचें।

### मंडी में आवक तेज

व्यापारियों का कहना है कि इस समय हल्की बारिश भी नुकसानदेह साबित हो सकती है, क्योंकि मंडियों में नई फसल की आवक तेज हो रही है। ऐसे में यदि मौसम बार-बार खराब होता है, तो खरीद प्रक्रिया और उठान दोनों प्रभावित हो सकते हैं। कुछ व्यापारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर बोली और उठान की गति धीमी करनी पड़ी, ताकि फसल को सुरक्षित रखा जा सके।



सांपला अनाज मंडी में बदलते मौसम के बीच गेहूं लेकर पहुंचते किसान।

## मौसम की मार से थमी खरीद, मंडी में आवक तेज, लेकिन बिक्री नहीं

सांपला। अनाज मंडी में इन दिनों मौसम का अस्थिर मिजाज गेहूं की सरकारी खरीद पर भारी पड़ रहा है। जहां एक ओर किसानों द्वारा लगातार गेहूं की फसल मंडी में लाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर खरीद प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो सकी है। 1 अप्रैल से शुरू हुई सरकारी खरीद के तीसरे दिन तक मंडी में करीब 25 हजार क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की जा चुकी है। इस दौरान कुल 35 गेट पास भी जारी किए गए हैं, जो किसानों की सक्रियता को दर्शाते हैं। बावजूद इसके, सरकारी रिकॉर्ड में खरीद का आंकड़ा अभी भी शून्य बना हुआ है। दरअसल, बदलते मौसम कभी तेज धूप तो कभी अचानक बारिश की वजह से गेहूं में नमी की मात्रा निर्धारित मानकों से अधिक हो गई है। मंडी में हैफेड और वेयरहाउस के माध्यम से खरीद की व्यवस्था की गई है, और एजेंसियां प्रतिदिन मौके पर पहुंच भी रही हैं, लेकिन नमी अधिक होने के चलते खरीद प्रक्रिया अटकी हुई है। इस स्थिति से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है, क्योंकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए अनुकूल मौसम और खरीद शुरू होने का इंतजार करना पड़ रहा है।

### मौसम में बार-बार बदलाव से फसल में नमी बढ़ी

मंडी समिति सचिव सविता सैनी के अनुसार, अनाज मंडी में सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन मौसम में बार-बार बदलाव के कारण फसल में नमी बढ़ गई है, जिससे खरीद शुरू नहीं हो पा रही। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक-दो दिन में मौसम साफ होते ही और तेज धूप निकलने पर नमी कम होगी, जिसके बाद खरीद प्रक्रिया रफ्तार पकड़ लेगी।

# फिर बदला मौसम, अगले 48 घंटे फसलों पर भारी

## कई जगह बूंदाबांदी, ओलावृष्टि की आशंका

■ हरियाणा में एक माह में 7-9 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुए

■ शुक्रवार की बारिश व तेज हवाओं ने बढ़ाई किसानों की चिंता

रोहतक। रोहतक व इसके आसपास के एरिया में शुक्रवार शाम को मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। जिससे बूंदाबांदी हुई। इसका सीधा असर खेतों में खड़ी फसलों पर पड़ा। हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे तक यही स्थिति बनी रह सकती है, जिससे गेहूं फसल को नुकसान होने की आशंका है। पिछले कुछ दिनों से मौसम की लगातार अनिश्चितता ने किसानों को असमंजस में डाल रखा है। इस समय खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल सबसे संवेदनशील स्थिति में है। यदि बारिश का दौर जारी रहा, तो फसल गिरने यानी लॉजिंग का खतरा बढ़ जाएगा।

### तापमान में गिरावट

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहने, हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। खासकर रात और सुबह के समय मौसम ज्यादा खराब रह सकता है। इसके चलते तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे अप्रैल की शुरुआत में भी ठंडक बनी हुई है।

### किसानों को सलाह

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे इस दौरान सतर्क रहें और फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएं। जहां संभव हो, तैयार फसल की कटाई में तेजी लाएं और उसे सुरक्षित स्थान पर रखें। साथ ही खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें, ताकि पानी भराव से नुकसान कम किया जा सके।




# सरकारी स्कूलों में नया सत्र शुरू पुरानी पुस्तकों के सहारे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू हुए तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक विद्यार्थियों के हाथों में नई किताबें नहीं पहुंच पाई हैं। शिक्षा विभाग द्वारा एक अप्रैल से जोर-शोर के साथ 'प्रवेश उत्सव' मनाकर बच्चों का स्वागत तो किया गया, लेकिन किताबें विद्यार्थियों के हाथों में नहीं पहुंची है। स्थिति यह है कि माध्यमिक से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक में शिक्षक पुराने विद्यार्थियों से किताबें लेकर नए सत्र के बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हैं।

■ प्राथमिक स्कूलों में किताबों का इंतजार, पढ़ाई प्रभावित

### 10 तक आएंगी किताबें

कुछ क्लासों की किताबों में बदलाव हुआ है। फिलहाल, बच्चों को पुरानी किताबें देकर पढ़ाई शुरू कर दी है। 10 अप्रैल तक किताबें आ जाएगी और विद्यार्थियों को वितरित कर दी जाएगी।
-दिलजीत, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, रोहतक।

एक ओर जहां विभाग नामांकन बढ़ाने और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए अभियान चला रहा है, वहीं सत्र की शुरुआत में ही किताबों का अभाव व्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है। हालांकि, शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में किताबों की खेप पहुंच चुकी है और जिले के स्कूलों में भी जल्द ही इनकी आपूर्ति कर दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री जी! प्राचीन शहर महम में अब तक न रिहायशी सेक्टर और न ही पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं

■ शहर व गांवों में वर्षभर गहराया रहता है पेयजल संकट

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

रविवार 5 अप्रैल को महम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली है। इससे पहले वे गत विधानसभा चुनाव के दौरान यहां चुनावी रैली को यहां संबोधित करने आए थे। कई साल से किसी मुख्यमंत्री ने यहां पर विकास रैली नहीं की है। लंबे अरसे बाद नायब सिंह सैनी महम में विकास रैली करने के लिए आ रहे हैं। इस रैली से महम विधानसभा क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीदें हैं। भले ही भाजपा सरकार को साढ़े 11 साल सत्ता में आए हो गए हों या फिर रोहतक जिले की चौधर के नाम पर वोट मांगने वाले भूपेंद्र सिंह हुड्डा दस साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों। लेकिन न तो कांग्रेस ने यहां की जनता की मुख्य समस्याओं का समाधान किया और न ही भाजपा सरकार के कार्यकाल में वे प्रमुख मांगें पूरी हुई। अब नायब सिंह सैनी से महम की जनता उम्मीद लगाए बैठी है। महम एक प्राचीन शहर है। महम का उल्लेख महाभारत काल में भी मिलता है। मुगलकाल में यह एक समृद्ध शहर रहा है। ब्रिटिश शासनकाल से ही महम में नगर पालिका काम कर रही है।



महम। सैमाण चुंगी से हिसार रोड की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के हालात। फोटो: हरिभूमि

### शहर के अंदर की सड़कें टूटी पड़ी

वाटर स्टॉर्म पाइप लाइन बिछाए जाने की वजह से महम शहर के अंदर की सड़कें टूटी हुई हैं। मुख्यमंत्री की रैली को ध्यान में रखते हुए रैली स्थल से लेकर गोहाना मोड़ तक सड़क को समतल कर दिया गया है। लेकिन बस स्टैंड चौक से दशहरा ग्राउंड, फरमाणा चुंगी, सैमाण चुंगी और ढेर पान्ना बाइपास तक सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। राहगीरों, वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुराना बस अड्डा और भिवानी स्टैंड व महम शहर के अंदर जगह जगह वाहन चालकों और दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है।

### संत गरीबदास स्कूल में नए सत्र का हवन के साथ शुभारंभ



रोहतक। संत गरीबदास मेमोरियल स्कूल, करौंथा में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन-पूजन के माध्यम से किया गया। इस पावन अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर अनूप धनखड़, प्रिंसिपल संगीता धनखड़ तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन-पूजन से हुई, जिसमें सभी ने आहुति देकर नए सत्र की सफलता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और उल्लास देखने को मिला। डायरेक्टर अनूप धनखड़ ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पिछले सत्र के शानदार परिणामों के लिए स्टाफ को बधाई देते हुए आगामी सत्र में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। वहीं प्रिंसिपल संगीता धनखड़ ने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया।



### अभिभावक -शिक्षक बैठक में छात्राओं की प्रगति पर हुई चर्चा

सांपला। सर छोटूराम राजकीय महाविद्यालय, सांपला में शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर के दिशा-निर्देशन में कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति और समग्र विकास को लेकर अभिभावकों के साथ विचार-विमर्श करना रहा। इस दौरान शिक्षकगण ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन, कॉलेज में संचालित विभिन्न गतिविधियों तथा भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अभिभावकों को भी अपने सुझाव एवं प्रश्न साझा करने का अवसर दिया गया, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर ने सभी अभिभावकों से सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह मंच विद्यार्थियों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होता है। बैठक में अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सकारात्मक संवाद देखने को मिला, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर साझा प्रतिबद्धता भी दिखाई दी।

### महम विकास रैली की तैयारियों का अतिरिक्त उपायुक्त ने लिया जायजा

महम। यहां प्रस्तावित विकास रैली को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार कोअतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने रैली स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महम विकास रैली में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी करोड़ों रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात देंगे।अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने रैली परिसर में मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग, बिजली आपूर्ति तथा सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाए, ताकि रैली में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकास रैली के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सापंला की उपमंडलाधीश अंकिता पंवार, महम के उपमंडलाधीश विपिन कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, महम शुगर मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, आईपीएस रविंद्र कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, एक्सईएन सीमा नारा, अरुण मुंझाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

■ रैली परिसर में मंच व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

### मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण का आज अंतिम दिन

रोहतक। रबी सीजन 2025-26 के लिए किसानों को राहत देते हुए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल को 4 अप्रैल शनिवार तक पुनः खोल दिया गया है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिन किसान भाइयों ने अब तक अपनी फसलों का पंजीकरण नहीं कराया है, वे इस अंतिम अवसर का लाभ उठाते हुए तुरंत पंजीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर पंजीकरण कराना सभी किसानों के लिए अनिवार्य है। बिना पंजीकरण के किसान अपनी फसल को मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नहीं बेच सकेंगे, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। डीसी ने बताया कि अब तक 38,458 किसानों ने 2,38,762 एकड़ भूमि में अपनी फसलों का पंजीकरण कराया है। पहले यह पोर्टल गत 15 फरवरी तक खुला था।



उपायुक्त सचिन गुप्ता



रोहतक। ललित कला विभाग द्वारा कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि प्रो. विनिता हुड्डा डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल, एमडीयू व प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा।

### राजकीय महिला कॉलेज में वार्षिक कला प्रदर्शनी

रोहतक। स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वार्षिक कला प्रदर्शनी का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बी.ए. फाइन आर्ट्स के तीनों वर्षों की छात्राओं द्वारा साल भर तैयार की गई विभिन्न कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें उनकी सृजनात्मकता और कौशल की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. विनिता हुड्डा (डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल, एमडीयू) ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने उनका स्वागत करते हुए ललित कला विभाग को संस्थान का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने विभाग के प्राध्यापकों और छात्राओं के परिश्रम की सराहना की। प्रदर्शनी में कुल 93 कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं, जो विभिन्न श्रेणियों में विभाजित थीं। इनमें 7 पेपर कोलाज, 10 कार्टून चित्रण, 30 द्वि-आयामी कार्य , 13 लोक कला कृतियां, 13 पोस्टर, 8 ब्लॉक प्रिंटिंग, 3 लिप्पन कला, 8 लैंडस्केप और कविता चित्रण शामिल रहे।



### शरीर दान कर मानवता की मिसाल बनीं स्व. हरीश रानी

रोहतक। स्वर्गीय हरीश रानी मग्गू के परिजनों ने उनका पार्थिव शरीर पीजीआईएमएस के एनाटॉमी विभाग को दान कर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। इस पुनीत कार्य से चिकित्सा शिक्षा एवं शोध कार्यों को महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि शरीर दान एक महान कार्य है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से न केवल चिकित्सा विज्ञान को बढ़ावा मिलता है, बल्कि यह दूसरों के जीवन में भी नई उम्मीद जगाता है। उन्होंने स्व. मग्गू के परिजनों का आभार व्यक्त करते हुए आमजन से भी अंगदान और शरीर दान के लिए आगे आने की अपील की।



रोहतक। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता राजेश कुमार ।

### इमसार में करियर रेडीनेस पर हुआ ओरिएंटेशन सत्र

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) में करियर रेडीनेस पर ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) के सहयोग से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इंडस्ट्री विशेषज्ञ राजेश कुमार ने बतौर विशेषज्ञ वक्ता कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार कौशल विकसित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों को वर्तमान इंडस्ट्री ट्रेंड्स, जरूरी स्किल्स और करियर में आगे बढ़ने के अवसरों पर जानकारी दी।



### दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन पर इनसो ने किया पौधरोपण

रोहतक। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन पर छात्र संगठन 'इनसो' द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। इनसो के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जाट कॉलेज और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर दीपक मलिक ने दुष्यंत चौटाला को बधाई देते हुए उन्हें हरियाणा के युवाओं की बुलंद आवाज बताया। मलिक ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की राजनीति में युवाओं और किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। इस अवसर पर इनसो पदाधिकारियों ने उनके जन्मदिन को 'सेवा और समर्पण' के रूप में मनाया।

तैयारी | पीजीआई के पैथोलॉजी में वर्तमान दृष्टिकोण विषय पर होगा सम्मेलन

पैथोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम शोध व चिकित्सा पद्धतियों पर होगी चर्चा

# पैथोलॉजिस्ट, चिकित्सक, शोधकर्ता व छात्र विभिन्न विषयों पर कल देंगे व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा, पीजीआईएमएस में 5 अप्रैल 2026 को नॉर्थ-वेस्ट चैप्टर ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक कार्यक्रम का मुख्य विषय "पैथोलॉजी में वर्तमान दृष्टिकोण" रखा गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पैथोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम शोध, तकनीकी प्रगति और चिकित्सा पद्धतियों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में देशभर के पैथोलॉजिस्ट, चिकित्सक, शोधकर्ता और स्नातकोत्तर छात्र भाग लेंगे तथा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान और सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय स्वास्थ्य विज्ञान कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल हैं।

वहीं, संरक्षकों में पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल, यूएचएस के रजिस्ट्रार डॉ. रूप सिंह, डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. एम.जी. वशिष्ठ, डीन पीजीआईएमएस डॉ. अशोक कुमार चौहान और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल शामिल हैं। 5 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे कुलपति द्वारा सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। सम्मेलन स्थल सुश्रुत ऑडिटोरियम, पीजीआईएमएस, रोहतक रहेगा। प्रतिभोलियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने पर 5 एचएमसी क्रेडिट घंटे भी प्रदान किए जाएंगे।

### तकनीकों को साझा करने का मंच



डॉ. सुनीता सिंह



डॉ. संजय कुमार

सम्मेलन की आयोजन अध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह ने कहा, "यह वार्षिक सम्मेलन पैथोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम वैज्ञानिक उपलब्धियों और उभरती तकनीकों को साझा करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि यह आयोजन न केवल ज्ञान-विनिमय को सशक्त करेगा, बल्कि युवा चिकित्सकों और शोधकर्ताओं को नवाचार की दिशा में प्रेरित भी करेगा।" सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. संजय कुमार ने बताया, "इस सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों और रेजिडेंट्स की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हुई है। वैज्ञानिक सत्रों, मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम शोध और व्यावहारिक अनुभवों से अवगत होने का अवसर मिलेगा।

### डी-प्लान में रोहतक अव्वल, 99 प्रतिशत बजट किया खर्च

रोहतक। वर्ष 2025-26 में डी-प्लान स्कीम के क्रियान्वयन में रोहतक जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिले को कुल 16.74 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था, जिसमें से 16.68 करोड़ रुपये खर्च कर 99.65 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि निरंतर फॉलो-अप, कड़ी निगरानी और विभागों के बीच बेहतर तालमेल के चलते धनराशि का समयबद्ध और प्रभावी उपयोग संभव हो सका। उन्होंने कहा कि डी-प्लान योजना के तहत जिलों को स्थानीय विकास कार्यों के लिए स्वायत्तता और वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके माध्यम से सड़कों, नालियों, खेल मैदानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और चौपालों का निर्माण स्थानीय जरूरतों के अनुसार कराया जाता है।

## खबर संक्षेप

### जन सेवा संस्थान में लगेगा नेत्र जांच कैंप

**रोहतक।** जन सेवा संस्थान द्वारा भिवानी रोड स्थित वृद्धाश्रम में शनिवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानन्द जी महाराज के सानिध्य में दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा।

### आर्य सभा का मासिक वैदिक सत्संग कल

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा कल मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक पण्डित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन, दयानन्द मठ रोहतक में आयोजित होगा। कार्यालयाधीक्षक मनजीत श्योराण ने बताया कि सत्संग में आर्य जगत के प्रसिद्ध वैदिक विद्वान डॉ. प्रमोद योगार्थी (श्रीमद्दयानन्द ब्राह्म महाविद्यालय, हिसार) अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

### सब्जी मंडी के सोनू छाबड़ा बने नए प्रधान

**रोहतक।** शहर की सब्जी मंडी में नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान मंडी के पदाधिकारियों और व्यापारियों की उपस्थिति में नई टीम का गठन किया गया, जो मंडी के विकास और व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करेगी। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार सोनू छाबड़ा को प्रधान बनाया गया है। कार्यकारिणी में वरिष्ठ मुख्य सलाहकार के रूप में श्याम जुनेजा और बीरबल कपूर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उप प्रधान पद पर इंद्रवेश सैनी और शुभम डग को नियुक्त किया गया है।

### कबड्डी और खो-खो नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**रोहतक।** हरियाणा सरकार की खेल नीति के तहत ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सुडाणा में कबड्डी और खो-खो की खेल नर्सरियां स्वीकृत की गई हैं। इन नर्सरियों में खिलाड़ियों के चयन के लिए 4 अप्रैल को विद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से ट्रायल प्रक्रिया शुरू होगी। स्कूल प्रशासन के अनुसार, इन खेल नर्सरियों में केवल लड़कियां ही भाग ले सकेंगी। ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म तिथि का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

### एसपी गौरव राजपुरोहित ने संभाला कार्यभार

**रोहतक।** जिले के नवनियुक्त



पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव राजपुरोहित इससे पहले गुरुग्राम में डीसीपी (पूर्व) के पद पर तैनात रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव, डीएसपी मुख्यालय रवि खुंडिया, डीएसपी सिटी गुलाब ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

# पर्यटकों का सामान बंदरों की पिकनिक

## तिल तिल तड़पती तिलियार

**खाने-पीने का सामान देखते ही झपट पड़ते हैं थैलों पर, विरोध करने पर हो जाते हैं आक्रामक**

**कई बच्चों और महिलाओं को काट चुके, लोगों में भय का माहौल, प्रशासन नहीं दे पा रहा सुरक्षा**



रोजाना 1000 से अधिक लोग आते थे, अब झील के किनारे से कर रहे किनारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तिलियार झील पर इन दिनों बंदरों का उत्पात पर्यटकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। यहां सैर-सपाटे के लिए आने वाले लोग बंदरों के डर के साए में समय बिताने को मजबूर हैं। हालात यह हैं कि बंदर पर्यटकों के हाथों में थैले या खाने-पीने का सामान देखते ही झपट पड़ते हैं और विरोध करने पर हमलावर हो जाते हैं। पिछले एक दशक से पर्यटकों के साथ यह समस्या बनी हुई है, लेकिन इसका आज तक समाधान नहीं हो पाया है। रोजाना करीब एक हजार से अधिक पर्यटक तिलयार झील पर घूमने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बंदरों के आतंक के चलते उनका अनुभव खराब हो रहा है। कई पर्यटकों ने बताया कि यदि वे बंदरों को सामान नहीं देते तो वे काटने तक की कोशिश करते हैं। इससे बच्चों और महिलाओं में भय का माहौल बना हुआ है। पर्यटकों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पर्यटक राजेंद्र और सुनील के अनुसार, विभागों के बीच जिम्मेदारी तय न होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि बंदर पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई वाहनों के शीशे और अन्य हिस्से क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### झुंड बनाकर घूमते है बंदर पर्यटकों पर करते हमला

स्थानीय लोगों के अनुसार तिलयार झील और आसपास के क्षेत्र में 100 से अधिक बंदर हैं, जो अक्सर झुंड बनाकर घूमते हैं। ये बंदर पहले भी कई पर्यटकों को काटकर घायल कर चुके हैं। इसके चलते अब कई लोग यहां आने से कतराने लगे हैं, जिससे पर्यटन पर भी असर पड़ रहा है। झील पर यदि कोई पर्यटक बैठकर आराम करता है तो कुछ ही समय में बंदरों का झुंड वहां पहुंच जाता है और सामान छीनने लगता है। ऐसी स्थिति में लोग खुद को असहाय महसूस करते हैं और मजबूरी में वहां से उठकर चले जाते हैं।

### झील की लोकप्रियता हो रही प्रभावित

पपर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों की समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। विशेषज्ञों की मदद से बंदरों को नियंत्रित करने, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजने और झील क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की आवश्यकता है। यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो तिलयार झील की लोकप्रियता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द ही इस ओर ध्यान देकर पर्यटकों को राहत प्रदान करेगा।

### जल्द ही समाधान किया जाएगा

मंगलवार के दिन ज्यादातर लोग केले, चने समेत अन्य सामान बंदरो को खिलाने के लिए आते है। ऐसे में उन्हें अब आदत हो गई है, नहीं तो बंदर पहले तिलियार के बैक साइड में ही रहते थे। कुछ पर्यटकों के कारण यह समस्या बनी हुई है। लेकिन जल्द ही इसका समाधान भी किया जाएगा।

**-नरेंद्र राणा, मैनेजर, तिलियार लेक**

## न्यूज डायरी



### गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में नशे के दुष्प्रभाव बताए

रोहतक। गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हार्ट्रोन स्किल सेंटर के निदेशक डॉ. आशुतोष कौशिक मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने की। कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी व अंग्रेजी विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अंग्रेजी विभाग की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कृष ने प्रथम, प्रियंका व अक्षय ने संयुक्त द्वितीय तथा दीपशिखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में करण प्रथम, तमन्ना द्वितीय और कीर्ति तृतीय रहीं। वहीं हिंदी विभाग की भाषण प्रतियोगिता में परमजीत कुंडू प्रथम, सुरभि द्वितीय और हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे।



### अधिकारियों के खिलाफ मैकेनिकल वर्कर्स लामबंद

**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन से संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की मदीना और कलानौर ब्रांच की एक संयुक्त बैठक मदीना रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से ब्रांच प्रधान सोमवीर और संदीप कादयान ने की, जबकि संचालन सचिव राजेंद्र डाबला ने किया। बैठक में सिंचाई विभाग के भालोठ सब-डिवीजन के अधिकारियों की कार्यशैली पर गहरा रोष प्रकट किया गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि कागजों में नहरों की सफाई और मरम्मत का कार्य पूरा दिखाया गया है, जबकि धरातल पर हालात बदतर हैं। फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों और रात को ड्यूटी देने वाले कर्मियों को कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है।



### 25 महिला वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों का नर्सरी में चयन

रोहतक। जिले की नई खेल नर्सरियों में शुक्रवार को खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस दौरान नए खिलाड़ियों को अपने हुनर को निखारने का अवसर मिला। खेल विभाग ने जिले को 75 नर्सरियां दी हैं जहां खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले की कई नर्सरियों में शुक्रवार को ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को बुलाया गया है। जहां खिलाड़ियों ने अपने चयन के लिए शानदार प्रदर्शन किया। हमायूंपुर के खेल मैदान में दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कबड्डी के ट्रायल हुए। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोरखेड़ी की महिला वेटलिफ्टिंग नर्सरी में खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। इसमें 25 महिला वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों का नर्सरी में चयन हुआ है।



### आईटीआई कंसाला में नशा न करने की ली शपथ

**रोहतक।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा गांव कंसाला स्थित आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम के स.उप.नि. मोहन और उप.नि. अमर कटारिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि ड्रग्स और नशीले पदार्थ व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। इनके सेवन से शरीर अंदर से कमजोर हो जाता है और कई तरह की बीमारियां जन्म लेती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्रग्स का ओवरडोज जानलेवा साबित हो सकता है, वहीं नशीली दवाओं के सेवन से संक्रमण, नसों की क्षति जैसी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं।





### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नए सत्र का उत्साहपूर्ण आगाज, विद्यार्थियों का किया भव्य स्वागत

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026–27 का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट और प्रेरणादायक संदेशों से सजाया गया, जिससे विद्यार्थियों में नए सत्र को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मुस्कान के साथ अभिनंदन किया। छोटे बच्चों के लिए विशेष खेल और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उनका पहला दिन आनंदमय बन गया। नन्हे विद्यार्थियों ने माई फर्स्ट डे एट स्कूल फ्रेम में तस्वीरें खिंचवाकर इस पल को यादगार बनाया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नया सत्र नई संभावनाओं का द्वार खोलता है और सभी को आत्मविश्वास व अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्या मशेनका, मधुलिका सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जन्मोत्सव में गूंजे बरजरंग बली के उद्घोष

■ संतों के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल, जयकारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** भव्य भगवा वाहन शोभा यात्रा का शुभारंभ करते उपाआचार्य स्वामी कपिल महाराज, बाबा कालिदास महाराज, साध्वी माणेश्वरी देवी, महंत थानेश्वर दास , विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के सदस्य।

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में शहर में भव्य भगवा वाहन शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। संत-महात्माओं के सानिध्य में निकली यह यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम बनकर पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन और हनुमान की आरती के साथ हुआ। संतों द्वारा भगवा ध्वज पूजन के पश्चात यात्रा प्रारंभ की गई। जैसे-जैसे शोभा यात्रा आगे बढ़ी, "जय श्री राम" और "जय बजरंग बली" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। संत-महात्माओं ने अपने संदेश में भगवान हनुमान को शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक बताते हुए युवाओं से संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान जिला मंत्री केशव ने कहा कि हमें धर्म और राष्ट्र के लिए समर्पित रहना चाहिए।

### जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था

यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भगवा ध्वजों से सजे वाहनों की लंबी कतार, ढोल-नगाड़ों की धुन और भक्ति संगीत ने पूरे शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। मार्ग में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

## शिक्षा भारती स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

■ परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रामनगर स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस के उपलक्ष्य में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, शिक्षा भारती एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एस. एन. मिश्रा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्या ममता भोला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एस. एन. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे का सर्वांगीण विकास माता-पिता, शिक्षक और विद्यार्थी के त्रिकोणीय प्रयासों का परिणाम होता है। उन्होंने अभिभावकों की उपस्थिति को बच्चों के आत्मविश्वास के लिए जरूरी बताया। समारोह के दौरान छात्राओं (सिया और काव्या) द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात परिणाम घोषित किए गए, जिसमें नर्सरी से देवांश, एलकेजी से मानवी, यूकेजी से जियांश, प्रथम से मिशा, द्वितीय से हिनाया, तृतीय से प्रयाग, चौथी से प्रिया और पांचवीं से अथर्व सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपने-अपने वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विजेता छात्र-छात्राओं को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शत-प्रतिशत उपस्थिति और ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनुराग जैन, प्रबंधक हरीश वधवा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।








### कथूरा के विकास ने नेशनल पैरा लॉन बॉल्स में जीते दो गोल्ड मेडल

**रोहतक।** दृढ़ इच्छाशक्ति और अदम्य साहस का परिचय देते हुए हरियाणा के लाल विकास नरवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरी है। सोनीपत जिले के कथूरा गांव के रहने वाले विकास नरवाल ने द्वितीय पैरा लॉन बॉल्स नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। गुवाहाटी (असम) में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विकास ने सिंगल्स और ट्रिपल्स दोनों स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। देशभर से आए प्रतिभाशाली पैरा खिलाड़ियों के बीच विकास नरवाल ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, संयम और सटीक रणनीति का परिचय दिया। दोनों स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल कर उन्होंने साबित कर दिया कि शारीरिक चुनौतियां सफलता के आड़े नहीं आ सकतीं। विकास नरवाल के छोटे भाई विपिन नरवाल ने बताया कि विकास की प्रारंभिक पढ़ाई गांव के बाद रोहतक शहर में हुई। वे रोहतक की नेहरू कॉलोनी में अपने चाचा रघबीर और मौसी बीरमती के पास रहकर पढ़ते थे। खेल के प्रति उनका जुनून बचपन से ही था।

## गंदगी फैलाने पर 38 लोगों पर ठोका 16 हजार जुर्माना



**रोहतक।** सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करतीं संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी।

■ वार्ड नंबर-1 में संयुक्त आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर-1 में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थान पर गंदगी के ढेर न लगें और सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा सफाई कार्य की निरंतर निगरानी की जा रही है और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम ने कुल 38 चालान किए, जिनसे 16,100 रुपये का जुर्माना वसूला गया।




# करोड़ों की दुकानें, कौड़ी की सड़कें

## गुणवत्ता पर सवाल, आखिर क्यों कुछ ही माह में दम तोड़ गईं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सेक्टर 2-3 की मार्केट की सड़कें इस वक्त किसी विकास मॉडल की नहीं, बल्कि बदइंतजामी और भ्रष्टाचार की खुली किताब बन चुकी हैं। यहां दुकानें तो करोड़ों की हैं, लेकिन सड़कें दो कौड़ी की भी नहीं हैं। हालत यह हैं कि सड़क कम, गड्ढों का जाल ज्यादा नजर आता है। बूंदाबांदी होते ही पूरा इलाका तालाब बन जाता है यह वही सड़क है, जिस पर वर्षों तक लोगों ने धक्के खाए, उम्मीद की किरण तब जगी जब सीसी रोड बनना शुरू हुआ। कुछ समय पहले सेक्टर तीन में बनाई सड़क हाथों हाथ टूट गई। यह केवल तकनीकी खामी नहीं, बल्कि सीधे-सीधे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल है। सवाल यह भी है कि आखिर ऐसा कौन सा सीमेंट और सामग्री इस्तेमाल हुई, जो कुछ ही महीनों में दम तोड़ गई।

*सेक्टर 2-3 की मार्केट की सड़कें बदइंतजामी की खुली किताब बन चुकी हैं, यहां सड़क कम, गड्ढों का जाल ज्यादा नजर आता है। बूंदाबांदी होते ही पूरा इलाका तालाब बन जाता है, लोगों को दिक्कतें होती हैं*




### घटिया निर्माण, भुगत रहे लोग



नगर निगम की लापरवाही और घटिया निर्माण का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। सड़क बनने से पहले जितनी परेशानी थी, अब उससे ज्यादा हो गई है। जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए और दोषी ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न बने। **-जितेंद्र राणा**, दुकानदार

### कई सालों से झेल रहे बदहाली



हम पिछले कई सालों से इस सड़क की बदहाली झेल रहे हैं। जब सीसी रोड बननी शुरू हुई तो लगा कि अब राहत मिलेगी, लेकिन कुछ ही समय में सड़क टूट गई। हल्की बारिश में पानी भर जाता है, जिससे ग्राहकों का आना भी कम हो गया है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद अगर सड़क कुछ महीनों में ही जवाब दे दे, तो यह साफ तौर पर भ्रष्टाचार की निशानी है। **-मनजीत कुमार**, दुकानदार

### नगर निगम की लापरवाही से बदहाल सेक्टर की सड़कें

नगर निगम की भूमिका इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा कटघरे में है। वर्ष 2017-18 के बाद सेक्टर एरिया की सड़कों का जिम्मा नगर निगम को सौंपा गया था। उस समय बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि अब विकास की रफ्तार तेज होगी, सुविधाएं बेहतर होंगी। लेकिन हकीकत यह है कि आज शहर का शायद ही कोई सेक्टर ऐसा बचा हो, जहां की सड़कें पैदल चलने लायक भी हों। यह स्थिति केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टम के भीतर गहरे बैठे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। जब सीसी रोड बन रही थी, तब लोगों ने सोचा था कि अब गड्ढों से छुटकारा मिलेगा, पानी भरने की समस्या खत्म होगी और बाजार में ग्राहकों की आवाजाही आसान होगी। लेकिन निर्माण पूरा होते-होते ही सड़क टूटने लगी। यह दृश्य ऐसा था मानो किसी ने सपनों की इमारत रेत पर खड़ी कर दी हो। हर दरार, हर उखड़ा हुआ टुकड़ा, सीधे-सीधे यह कहता नजर आता है कि यहां काम कम और खेल ज्यादा हुआ है।

### यूनियन की चेतावनी नजरअंदाज आज जनता भुगत रही खराब सड़कें

इस पूरी कहानी का एक कड़वा सच यह भी है कि जब सेक्टर एरिया को नगर निगम के अधीन किया गया था, तब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कर्मचारी यूनियन ने इसका विरोध किया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि इससे व्यवस्था बिगड़ेगी और गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। लेकिन उस समय आम आदमी ने इस विरोध को गंभीरता से नहीं लिया। शायद लोगों को लगा कि बदलाव बेहतर ही होगा। लेकिन आज वही आम आदमी इस फैसले की कीमत चुका रहा है। अगर उस समय जनसाधारण ने यूनियन के आंदोलन का साथ दिया होता, तो शायद हालात कुछ और होते। शायद जवाबदेही तय होती, शायद निर्माण की गुणवत्ता पर निगरानी रहती, और शायद आज सड़कों की यह दुर्दशा देखने को न मिलती। लेकिन अब सड़कें नहीं बनतीं, सिर्फ पछतावा ही बचता है।

### टूटी सड़कों पर जवाबदेही का बड़ा सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस लापरवाही और भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन है। क्या कोई अधिकारी जवाब देगा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी सड़कें क्यों टूट रही हैं। क्या किसी ठेकेदार पर कार्रवाई होगी। या फिर यह मामला भी बाकी फाइलों की तरह धूल खाता रह जाएगा। सेक्टर 2-3 की यह टूटी सड़कें सिर्फ कंक्रीट का ढांचा नहीं हैं, यह सिस्टम की विफलता का प्रतीक हैं। यह बताती हैं कि जब निगरानी खत्म हो जाती है और जवाबदेही गायब हो जाती है, तो विकास केवल कागजों तक सिमट कर रह जाता है। अब जरूरत है कि लोग सिर्फ शिकायत न करें, बल्कि जवाब मांगें। क्योंकि अगर अब भी आवाज नहीं उठी, तो ये गड्ढे सिर्फ सड़कों में नहीं, पूरे सिस्टम में और गहरे होते जाएंगे।



## 10 साल से वीरान पड़ी निगम की दुकानें, 50 लाख की लागत भी नहीं दिला पाई खरीदार



**रोहतक।** नगर निगम द्वारा करीब 10 साल पहले लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई दुकानों की स्थिति आज बेहद चिंताजनक बनी हुई है। लगभग 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से तैयार की गई इन दुकानों का उद्देश्य निगम की आय बढ़ाना और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना था, लेकिन योजना अपने मकसद में पूरी तरह विफल होती नजर आ रही है। इन दुकानों की हालत अब इतनी खराब हो चुकी है कि इनके शटर तक जर्जर हो चुके हैं और कई जगहों पर धूल और गंदगी जमा हो गई है। लंबे समय से खाली पड़ी इन दुकानों की ओर कोई भी व्यापारी आकर्षित नहीं हो रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण निगम द्वारा रखी गई ऊंची बोली बताई जा रही है, जिसके चलते व्यापारी इन दुकानों को लेने से कतरा रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि निगम शुरुआत से ही व्यावहारिक दरों पर बोली रखता, तो ये दुकानें अब तक लीज या अन्य प्रक्रिया के तहत आवंटित हो चुकी होतीं। व्यापारी सतीश प्रजापति के अनुसार, निगम को व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए था।

**दुकानों की लोकेशन भी एक बड़ी समस्या:** व्यापारी सतीश प्रजापति ने बताया कि इन दुकानों की लोकेशन भी एक बड़ी समस्या बनकर सामने आई है। पालिका बाजार के ठीक सामने होने के बावजूद इन्हें काफी ऊंचाई पर बनाया गया है, जिससे ग्राहकों की पहुंच में कठिनाई होती है। ऐसे में व्यापारी यहां दुकान लेने से बचते हैं, क्योंकि व्यापार के लिए ग्राहकों की आसान पहुंच बेहद जरूरी होती है।

**दुकानें बंद होने से नहीं हो पाई व्यापारिक जरूरतें पूरी:** निगम की इस योजना में न तो सही बाजार आकलन किया गया और न ही व्यापारिक जरूरतों को समझा गया, जिसका खामियाजा अब निगम को उठाना पड़ रहा है। जहां एक ओर इन दुकानों से आय होने की उम्मीद थी, वहीं अब यह संपत्ति बोझ बनकर रह गई है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का मानना है कि यदि निगम अब भी अपनी नीतियों में बदलाव करे, बोली की दरों को कम करे और सुविधाओं में सुधार लाए, तो इन दुकानों का उपयोग संभव हो सकता है। अन्यथा करोड़ों रुपये की यह संपत्ति यूं ही बेकार पड़ी रहेगी।

### व्यापारियों को नहीं होने दी जाएगी परेशानी



*इन दुकानों को लेकर विचार विमर्श किया जा चुका है। जल्द ही इनकी आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बोली या अन्य माध्यम से इनको लीज पर दिया जाएगा। दुकानों के साथ ही व्यापारियों के लिए वाशरूम भी बना हुआ है तो चालू हालात में है। व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। **-डॉ. आनंद कुमार शर्मा,** आयुक्त, नगर*

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का बड़ा फैसला

## अब साल में दो बार होंगी बोर्ड परीक्षाएं, आज से करें आवेदन

- छात्र अतिरिक्त विषय को छोड़कर अधिकतम किन्हीं भी 03 विषयों के लिए स्वयंपाठी परीक्षार्थी के तौर पर आवेदन कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने सैकेण्डरी और सीनियर सैकेण्डरी की परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बोर्ड के इस फैसले से उन हजारों छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी जो अपनी वार्षिक परीक्षा के परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं या किसी कारणवश परीक्षा नहीं दे पाए थे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि फरवरी/मार्च 2026 की वार्षिक परीक्षा में शामिल हो चुके नियमित परीक्षार्थी, जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्र अतिरिक्त विषय को छोड़कर अधिकतम किन्हीं भी 03 विषयों के लिए स्वयंपाठी परीक्षार्थी के तौर पर आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए बोर्ड ने 1000 रुपये शुल्क निर्धारित किया है। आवेदन 04 से 10 अप्रैल तक कर सकते हैं। बोर्ड ने उन छात्रों का भी ध्यान रखा है जो गंभीर बीमारी, चोट या किसी खेल/सांस्कृतिक प्रतियोगिता के कारण मुख्य परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। ऐसे छात्र आवश्यक दस्तावेजों और ऑफलाइन शुल्क के साथ सीधे बोर्ड कार्यालय में संपर्क कर परीक्षा में बैठने की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई छात्र सभी विषयों की प्रथम वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहा है, तो उसका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार, परीक्षा की तिथियों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

### 21 शोधार्थी पीएचडी के लिए पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने अधिसूचना जारी कर 21 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किया है। यह निर्णय बोर्ड ऑफ एग्जामिनर्स व रिसर्च कमेटी की संस्तुतियों पर कुलपति की मंजूरी के बाद लिया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं- गणित से अंजलि, सांख्यिकी से सुशील मलिक व अमित देव, विधि विभाग से रंजना रानी, स्मृति, गायत्री व नवीन कुमार, अंग्रेजी से शिखा सहारण, होटल एंड टूरिज्म से रेनू व हिमांशी, मैनेजमेंट से नवीन, ज्योति, सुमन बाला व मंजू, कॉमर्स से निशा, कविता, सुषमा यादव व भारती, माइक्रोबायोलॉजी से आशा, बायोकेमिस्ट्री से दीपिका कुमारी तथा मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी से मनजीत।

## सीएमबीटी के छात्र का ऑस्ट्रेलिया में पीएचडी के लिए चयन, मिलेगी 2.80 लाख रुपये मासिक फेलोशिप



**रोहतक।** छात्र सुबोध सोनी को बधाई देते निदेशक डॉ. हरि मोहन व अन्य प्रोफेसर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र सुबोध सोनी का चयन ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए हुआ है। उन्हें इस दौरान प्रतिमाह 2.80 लाख रुपये की फेलोशिप मिलेगी। सीएमबीटी में आयोजित सम्मान समारोह में निदेशक डॉ. हरि मोहन और प्राध्यापकों ने सुबोध को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सुबोध ने इस अवसर पर विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किए और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निदेशक डॉ. हरि मोहन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## केमिस्ट्री विभाग में कार्यशाला : लाइब्रेरी संसाधनों से शोध को बेहतर बनाना सीखा

- एल्सेवियर की विशेषज्ञ श्वेता सेठी ने एकेडमिक पब्लिशिंग पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग में प्रभावी अध्ययन, शिक्षण एवं शोध के लिए लाइब्रेरी ज्ञान संसाधनों का उपयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद लाइब्रेरी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह के स्वागत संबोधन से हुई। कार्यशाला में डिप्टी लाइब्रेरियन सीमा रानी ने लाइब्रेरी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर जानकारी दी। वहीं एल्सेवियर की विशेषज्ञ श्वेता सेठी ने एकेडमिक पब्लिशिंग, डिजिटल रिसोर्सेज, स्कोपस और साइंसडायरेक्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला समन्वयक डॉ. सुंदर सिंह तंवर और डॉ. बलविंदर ने कार्यक्रम का समन्वयन किया तथा संचालन साक्षी वाधवा ने किया। कार्यक्रम में वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल की जानकारी भी दी गई, जिससे शोधार्थियों को जर्नल्स तक आसान पहुंच मिल सके। लाइव डेमो और इंटरएक्टिव सत्र के जरिए छात्रों को रिसर्च टूल्स का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। कार्यशाला में छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। इस मौके पर प्रो. हरिओम, प्रो. प्रीति बूरा दून, प्रो. राजेश कुमार मलिक, प्रो. नवीन कुमार, प्रो. कोमल जाखड़ सहित विभाग के कई शिक्षक मौजूद रहे।

